भारत सरकार
उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय
खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 3843**

**18 दिसंबर, 2024 के लिए प्रश्न**

**बिहार में इथेनॉल उत्पादक कंपनियां**

**3843. श्री दिनेश चंद्र यादव:**
**श्री कौशलेन्द्र कुमार:-**

क्या **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बिहार में कितनी इथेनॉल उत्पादक कंपनियों को लाइसेंस जारी किए गए हैं और कितनी कंपनियों ने अपना उत्पादन शुरू कर दिया है;

(ख) देश में राज्यवार कितनी एथेनॉल कंपनियों को लाइसेंस जारी किए गए हैं;

(ग) क्या लाइसेंस जारी किए जाने के बावजूद कंपनियों को कच्चे माल की पर्याप्त आपूर्ति न होने के कारण उत्पादन प्रभावित हुआ है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**उपभोक्ता मामले,खाद्य और सार्वजनिक वितरण राज्य मंत्री**
**(श्रीमती निमुबेन जंयतीभाई बांभणिया)**

(क): भारत सरकार पूरे देश में इथेनॉल सम्मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम लागू कर रही है, जिसमें तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) इथेनॉल सम्मिश्रित पेट्रोल बेचती हैं। ईबीपी कार्यक्रम के तहत, सरकार ने वर्ष 2025-26 तक पेट्रोल में 20% इथेनॉल सम्मिश्रण का लक्ष्य तय किया है।

ईबीपी कार्यक्रम के तहत निर्धारित सम्मिश्रण लक्ष्यों को पूरा करने के लिए देश में आवश्यक इथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए, सरकार ने वर्ष 2018 से 2022 तक विभिन्न इथेनॉल ब्याज सहायता योजनाएं अधिसूचित की हैं।

इन योजनाओं के तहत, नई इथेनॉल डिस्टिलरियों (शीरा आधारित / दोहरी फ़ीड / अनाज आधारित) की स्थापना/मौजूदा डिस्टिलरियों के विस्तार (शीरा आधारित/दोहरी फ़ीड/अनाज

आधारित) के लिए बिहार राज्य से कुल 47 परियोजनाओं को बैंकों-वित्तीय संस्थानों द्वारा दिए गए ऋण पर ब्याज सहायता देने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी जारी की गई है।

वर्तमान में बिहार में 22 इथेनॉल डिस्टिलरियाँ (8 शीरा आधारित और 14 अनाज आधारित) हैं, जिन्होंने पहले ही इथेनॉल का उत्पादन शुरू कर दिया है।

(ख): वर्ष 2018 से 2022 तक अधिसूचित विभिन्न इथेनॉल ब्याज सहायता योजनाओं के तहत सैद्धांतिक मंजूरी जारी की गई इथेनॉल डिस्टिलरियों का राज्य-वार विवरण अनुबंध पर संलग्न है।

(ग) और (घ): प्रत्येक इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) के लिए, तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) अपनी उपलब्धता के अनुसार विभिन्न फीडस्टॉक से उत्पादित इथेनॉल की खरीद हेतु इथेनॉल डिस्टिलरियों से बोलियां आमंत्रित करती हैं।

बोलियां प्राप्त होने पर, तेल विपणन कम्पनियाँ (ओएमसी) एक विशेष इथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) के दौरान डिस्टिलरियों द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले विभिन्न फीडस्टॉक से उत्पादित इथेनॉल की मात्रा आबंटित करती है। किसी भी फीडस्टॉक की उपलब्धता में कमी के मामले में, तेल विपणन कम्पनियाँ (ओएमसी) फीडस्टॉक में बदलाव के अनुरोधों को स्वीकार करने और डिस्टिलरियों को संशोधित आवंटन जारी करने में लचीली रही हैं।

*******

**अनुबंध**

**लोक सभा में दिनांक 18.12.2024 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 3843 के भाग (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

| क्रम.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | डिस्टिलरियों की संख्या | | | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | अनाज आधारित | शीरा आधारित | दोहरी फ़ीड आधारित | |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 22 | 6 | 1 | 29 |
| 2 | असम | 8 | 0 | 0 | 8 |
| 3 | बिहार | 32 | 7 | 8 | 47 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 39 | 2 | 1 | 42 |
| 5 | दमन और दीव | 0 | 1 | 1 | 2 |
| 6 | गोवा | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 7 | गुजरात | 15 | 9 | 3 | 27 |
| 8 | हरियाणा | 17 | 8 | 4 | 29 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 3 | 2 | 0 | 5 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 4 | 0 | 0 | 4 |
| 11 | झारखंड | 8 | 0 | 0 | 8 |
| 12 | कर्नाटक | 33 | 122 | 28 | 183 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 55 | 16 | 6 | 77 |
| 14 | महाराष्ट्र | 59 | 276 | 44 | 379 |
| 15 | मेघालय | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 16 | ओडिशा | 29 | 0 | 0 | 29 |
| 17 | पंजाब | 25 | 16 | 4 | 45 |
| 18 | राजस्थान | 23 | 0 | 2 | 25 |
| 19 | तमिलनाडु | 9 | 5 | 4 | 18 |
| 20 | तेलंगाना | 23 | 3 | 4 | 30 |
| 21 | उत्तर प्रदेश | 46 | 105 | 36 | 187 |
| 22 | उत्तराखंड | 7 | 10 | 1 | 18 |
| 23 | पश्चिम बंगाल | 16 | 1 | 1 | 18 |
| **कुल** | | **474** | **590** | **148** | **1212** |